मध्य प्रदेश शासन
उच्च शिक्षा विभाग
मंत्रालय, भोपाल - 462004

क्रमांक 1036/70 /रासेयो /2024/ 38 भोपाल, दिनांक 08/ 11 / 2024

प्रति,

कार्यक्रम समन्वयक, रासेयो,

समस्त रासेयोयुक्त विश्वविद्यालय, मध्यप्रदेश ।

विषय:- राष्ट्रीय सेवा योजना राज्य स्तर नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर/ सेमीनार/कार्यशाला वर्ष 2024-25.

--0--

विषयान्तर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) का राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शीघ्र आयोजित किया जायेगा। अतः पूर्व तैयारी के अनुक्रम में कृपया निम्न बिन्दुओं पर ध्यान दें :-

1- शिविर के सफल आयोजन हेतु कार्यक्रम समन्वयक/जिला संगठक एवं कार्यक्रम अधिकारियों को कार्य आवंटित किया जा रहा है। अत: कृपया एक जिला संगठक, 03 रासेयो कार्यक्रम अधिकारी, 02 पुरूष-01 महिला का सहमति सहित नाम भिजवायें।

2- पूर्व शिविरों की भांति प्रत्येक रासेयोयुक्त विश्वविद्यालय से रासेयो के सर्वोत्तम 40 छात्र तथा 30 छात्राऐं इस शिविर में सम्मिलित किए जायेगें । महाराजा छत्रसाल बुन्देलखंड विश्वविद्यालय, छतरपुर से 30 छात्र एवं 25 छात्राऐं,रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर से 50 छात्र एवं 35 छात्राओं का कोटा रहेगा । इसी तरह बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल में समय-समय पर राज्य स्तरीय कार्यक्रमों में विद्यार्थियों की सहभागिता रहती है । अत: यहां से भी 50 छात्र एवं 35 छात्राओं की संख्या रहेगी । शेष विश्वविद्यालय यथावत रहेगें । 10+2 के रासेयो स्वयंसेवकों के लिये प्रत्येक जिले से स्वयंसेवक का चयन आरक्षित करें। संगठक विश्वविद्यालय में छात्र संख्या का आवंटन पृथक से जारी किया जायेगा ।

3- शिविरार्थियों के चयन में यह ध्यान रखें कि वे गीत संगीत, खेलकूद, वाद-विवाद तथा रासेयो की विभिन्न परियोजनाओं में दक्ष हो।

4- जो विद्यार्थी पूर्व में राज्य स्तरीय शिविर में भाग ले चुके हों, वे इस शिविर में भाग नहीं ले सकेगें ।

5- वे ही छात्र-छात्राऐं शिविर में भाग ले सकेगें जिन्हें संस्था स्तर शिविर का अनुभव हों यथा संभव द्वितीय वर्ष के छात्र/छात्रा का ही चयन किया जाय ताकि उनके अनुभव का लाभ आगामी वर्ष में इकाई के अन्य स्वयंसेवकों को प्राप्त हो सके ।

6- एक संस्था से केवल एक ही विद्यार्थी का चयन किया जाये । शिविर में समस्त जिलों का प्रतिनिधित्व होना अनिवार्य है। आपका प्रयास यह रहे कि जिले की प्रत्येक इकाई में से लगभग-लगभग एक विद्यार्थी की सहभागिता हो ।

7- प्रत्येक रासेयो युक्त विश्वविद्यालय क्षेत्र से 03 रासेयो कार्यक्रम अधिकारी (02 पुरूष 01 महिला) तथा 01 जिला संगठक एवं कार्यक्रम समन्वयक विश्वविद्यालय क्षेत्र के शिविरार्थियों के साथ दल प्रभारी के रूप में शामिल होंगें ।

8- निर्धारित संख्या से अधिक विद्यार्थी शिविर में सम्मिलित नहीं होंगें।

9 - रासेयो स्वयंसेवक,कार्यक्रम अधिकारी एवं जिला संगठक मायभारत पोर्टल पर पंजीकृत होना अनिवार्य है।

10- यह शिविर रासेयो युक्त विश्वविद्यालयों के समस्त कार्यक्रम समन्वयकों के सहयोग से ही आयोजित होना हैं । अत: कार्यक्रम समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना के हित में अपना पूर्ण दायित्व समझते हुए राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर में सहयोग हेतु सजग रहते हुए कार्य करेगें । इसमें शिथिलता न हों।

8/11/2024
(डॉ. आर. के. विजय)
राज्य एनएसएस अधिकारी,
म.प्र. शासन, उच्च शिक्षा विभाग
भोपाल, दिनांक 08/ 11 /2024

पृ. क्र. 1036/70 /रासेयो/2024/38

प्रतिलिपि:-

1. निज सहायक, प्रमुख सचिव, म. प्र शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय भोपाल ।
2. निज सहायक, आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय सतपुड़ा भवन, भोपाल ।
3. कुल सचिव, समस्त रासेयोयुक्त विश्वविद्यालय, म.प्र.।
4. समस्त अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा, क्षेत्रीय कार्यालय, म.प्र. ।

8/11/2024
राज्य एनएसएस अधिकारी,
म.प्र.शासन, उच्च शिक्षा विभाग